# रणजीत टाइम्स

साप्ताहिक अख़बार

प्रधान संपादक : गोपाल गावंडे

वर्ष 13 | अंक 35 | कुल पृष्ठ : 8 | मूल्य - 2 रू.

RNI-NO.MPHIN/2015/64585

इंदौर प्रति मंगलवार, 20 जनवरी 2026 से 26 जनवरी 2026 तक


## अपूर्णता के भाव की समाप्ति ही ईश्वर के सामीप्य की प्राप्ति है



ईश्वर प्रदत्त इस प्रकृति व मानव मात्र के जीवन को सुंदर बनाना ईश्वर का ही कार्य है, क्योंकि जिस चीज को ईश्वर ने ही निर्मित किया है उसमें बदलाव लाना हमारे हाथ में नहीं। फिर यह कैसे और क्यों कहा जाता है कि जीवन को सुंदर बनाना हमारे हाथ में है। यह तो पहले से ही सुंदर है क्योंकि ईश्वर अपनी हर रचना को जैसी जरुरत है वैसी ही सुंदरता से निर्मित करता है। बस हम मानव की दृष्टि उस सुंदरता को देख नहीं पा रही है क्योंकि हम ऊपरी सुंदरता देखते हैं आंखों से। आंतरिक सौंदर्य जो आत्मिक सौंदर्य है उसे देखने के लिए गहन ध्यान से आत्मा को जागृत करना होगा, तभी हम सृष्टि की कृतियों का आनंद ले सकते हैं।

हम सृष्टि के निर्माता को जिस भी नाम से पुकारें, भगवान कहें, अल्लाह कहें, गॉड कहें, प्रकृति कहें या अन्य किसी नाम से जाने, उसने सृष्टि को इसी तरह से बनाया है कि उसमें कोई भी कमी है ही नहीं। वह अपने आप में परिपूर्ण है। अपने आप में सुंदर है। 21 दिसम्बर 1986 के एक प्रवचन में श्री माताजी कहती हैं, 'परमात्मा ने इतनी सुन्दर सृष्टि की रचना किसलिए की है?, यह एक प्रश्न हजारों वर्षों से पूछा गया है। इसका कारण समझना अत्यंत सरल है। जिस सुन्दरता की रचना की जाती है, वह सुन्दरता स्वयं अपने आप को नहीं देख सकती। ठीक इसी तरह, परमात्मा, जो कि स्वयं सुंदरता का स्त्रोत हैं, वह परमात्मा अपनी स्वंय की सुंदरता को नहीं देख सकते, जैसे एक मोती अपनी सुंदरता देखने के लिए अपने अंदर प्रवेश नहीं कर सकता, जैसे आकाश अपनी स्वंय की सुंदरता को नहीं समझ सकता। सितारे अपनी सुंदरता को नहीं देख सकते। सूर्य अपनी चमक को नहीं निहार सकता। इसी तरह से, सर्वशक्तिमान परमात्मा भी अपने स्वंय के अस्तित्व को नहीं देख सकते। उस परमात्मा को एक दर्पण की जरूरत होती है। और यही कारण है कि उस परमात्मा ने इस सुन्दर सृजन की रचना अपने लिए एक दर्पण के रूप में की है।'' यानि जैसे हम स्वंय में सौंदर्य तलाशते हैं वैसे ही ईश्वर भी हममें स्वयं के सौंदर्य को तलाशते हैं। इसीलिए हमारी सभी आवश्यकताओं को प्रकृति पूरा करती है। जितनी भी असंगति या बुराई हम देखते हैं या उत्पन्न होती रहती हैं, वे सभी हमारे ही द्वारा बनाई गई हैं । साथ ही, हमारा मस्तिष्क इस रूप में विकसित हो जाता है कि वह हमेशा भविष्य को देखता है। हमारे मस्तिष्क के हमेशा ही भविष्य में ही दौड़ते रहने के कारण हमारे अंतर को हमेशा एक अपूर्णता की भावना घेरे रहती है। आधुनिक जीवन के तरीकों ने, भौतिकवादिता ने मनुष्यता पर बहुत नकारात्मक प्रभाव डाले हैं, अपूर्णता के एहसास ने इस भावना को और गहरा कर दिया है। साथ ही, यह गलत विश्वास भी दिलाया है कि इस अपूर्णता को पूर्ण करने के लिए आपको अधिक धन कमाना होगा, अधिक भौतिक वस्तुओं का अर्जन करना होगा।

यदि आप जीवन की सुंदरता को देखना चाहते हैं तो, थोड़े दिनों के लिए, केवल कुछ सप्ताह के लिए एक प्रयोग करके देख सकते हैं। अपने मन पर, अपने विचारों पर नजर रखने की कला, और जब भी मन भविष्य की ओर भागे तो उसे रोकने की कला सीखते हैं। एक ऐसी विधि जब हम स्वयं से कहने लगेंगे कि मैं पूर्ण हूं, मेरे जीवन में कोई भी कमी नहीं है, मैं खुश हूं, मुझे और किसी भी भौतिक वस्तु की तलाश नहीं है। कोई ऐसी वस्तु नहीं है जो मुझे पूर्ण कर सकती है, क्योंकि मैं स्वयं ही पूर्ण हूँ। अपने नज़दीकी सहजयोग ध्यान केंद्र की जानकारी टोल फ्री नंबर 1800 2700 800 अथवा यूट्यूब चैनल लर्निंग सहजयोगा से प्राप्त कर सकते हैं।

## बीजेपी को मिला नया राष्ट्रीय अध्यक्ष

### नितिन नबीन ने आज संभाली कमान



**नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी को आज नया राष्ट्रीय अध्यक्ष मिल गया। पार्टी नेता नितिन नबीन ने आज 20 जनवरी को औपचारिक रूप से भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद का कार्यभार संभाल लिया। वे निर्विरोध रूप से इस पद के लिए चुने गए थे।**

इस अवसर पर राजधानी दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह सहित पार्टी के कई वरिष्ठ नेता और संगठन पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान पार्टी के आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों, चुनावी रणनीति और जनसंपर्क अभियानों को लेकर चर्चा की गई। नव-नियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने कार्यभार ग्रहण करने के बाद कहा कि भाजपा राष्ट्रवाद, विकास और संगठनात्मक मजबूती के मूल मंत्र के साथ आगे बढ़ती रहेगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर तक पार्टी को मजबूत करने और केंद्र सरकार की योजनाओं को आम जनता तक पहुँचाने का आह्वान किया। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार, नितिन नबीन का अध्यक्ष बनना भाजपा में नई पीढ़ी के नेतृत्व को आगे लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। उनके सामने आगामी चुनावों को ध्यान में रखते हुए संगठन को और अधिक सशक्त बनाने की बड़ी जिम्मेदारी रहेगी।

## इंदौर में बेहतर पुलिसिंग की नई शुरुआत, हर थाने के काम का होगा मासिक मूल्यांकन, अच्छे पर सम्मान और लापरवाही पर सख्त कार्रवाई

आदित्य शर्मा



इंदौर। शहर में अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण और आम नागरिकों को बेहतर पुलिस सेवा देने के उद्देश्य से पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर श्री संतोष कुमार सिंह ने पुलिस अधिकारियों और थाना प्रभारियों के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की। यह बैठक 19 जनवरी 2026 को पुलिस आयुक्त कार्यालय के सभागार में आयोजित की गई, जिसमें कानून व्यवस्था और अपराध नियंत्रण को और मजबूत बनाने पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में अतिरिक्त पुलिस आयुक्त कानून व्यवस्था श्री अमित सिंह, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अपराध एवं मुख्यालय श्री आर के सिंह सहित सभी पुलिस उपायुक्त, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त, सहायक पुलिस आयुक्त और थाना प्रभारी मौजूद रहे। पुलिस आयुक्त ने स्पष्ट किया कि अब पुलिस को केवल घटनाओं के बाद कार्रवाई करने वाली नहीं बल्कि अपराध होने से पहले रोकने वाली प्रणाली के रूप में कार्य करना होगा। उन्होंने निर्देश दिए कि थानों में पुलिस बल की नियमित उपस्थिति, पीड़ितों की संवेदनशील सुनवाई, समय पर अपराध पंजीकरण, महिला अपराधों पर त्वरित कार्रवाई, गुमशुदा बच्चों की बरामदगी, संपत्ति अपराधों में वसूली, न्यायालयीन मामलों की निगरानी और सामुदायिक पुलिसिंग को प्राथमिकता दी जाए। साथ ही आधुनिक तकनीक और फॉरेंसिक जांच के बेहतर उपयोग पर भी जोर दिया गया।

पुलिस आयुक्त ने प्रत्येक थाने के कार्यों के मासिक मूल्यांकन की नई व्यवस्था लागू करने की घोषणा की। इसके तहत हर जोन में दो सर्वश्रेष्ठ और दो कमजोर प्रदर्शन करने वाले थानों की पहचान की जाएगी। अच्छे कार्य पर प्रोत्साहन और लापरवाही पर सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। बैठक के अंत में उन्होंने सभी अधिकारियों को एकजुट होकर जनहित में निष्पक्ष और जिम्मेदार पुलिसिंग करने का संदेश दिया।



# करैरा में रेत माफिया बेखौफ

## नदियों से लेकर सड़कों तक अवैध रेत का खेल, दिनदहाड़े दौड़ रहे ट्रैक्टर-ट्रॉली फोटो साक्ष्य सामने, फिर भी कार्रवाई नदारद

**दीपक परमार**

करैरा एवं आसपास के क्षेत्रों में रेत माफिया के हौसले इस कदर बुलंद हैं कि अब अवैध उत्खनन केवल नदी घाटों तक सीमित नहीं रह गया, बल्कि उसका परिवहन भी खुलेआम सड़कों पर किया जा रहा है। सामने आए फोटो साक्ष्यों में रेत से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली का दिनदहाड़े मुख्य मार्ग से गुजरना साफ दिखाई दे रहा है, जो प्रशासनिक निगरानी और कार्रवाई पर गंभीर सवाल खड़े करता है। नदियों के भीतर पनडुब्बी मशीनों, मोटर पंप और पाइपलाइन के जरिए अवैध उत्खनन कर रेत निकाली जा रही है और फिर उसी रेत को बिना किसी वैध रॉयल्टी या अनुमति के ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के माध्यम से विभिन्न स्थानों तक पहुंचाया जा रहा है। यह पूरा तंत्र इतने व्यवस्थित तरीके से संचालित हो रहा है कि इसे केवल छोटी-मोटी चोरी नहीं, बल्कि संगठित अवैध कारोबार माना जा रहा है।

निदहाड़े चलता है अवैध परिवहन

स्थानीय नागरिकों और ग्रामीणों का कहना है कि रेत माफिया अब रात के अंधेरे का इंतजार भी नहीं करता। सुबह से शाम तक रेत से लदी ट्रॉलियां सड़कों पर फर्राटा भरती नजर आती हैं। कई बार तो ये वाहन रिहायशी इलाकों और बाजारों से होकर





गुजरते हैं, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा भी बना रहता है। इसके बावजूद न तो परिवहन रोका जा रहा है और न ही वाहनों की जांच होती दिखाई दे रही है।पर्यावरण और जनजीवन पर सीधा असर अवैध रेत उत्खनन से नदियों का प्राकृतिक प्रवाह बाधित हो रहा है। नदी किनारों का कटाव बढ़ रहा है, खेतों की उपजाऊ मिट्टी नष्ट हो रही है और भूजल स्तर पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि कई स्थानों पर खेतों की जमीन धंसने लगी है, जिससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।प्रशासनिक दावों पर सवालखनिज विभाग और जिला प्रशासन द्वारा समय-समय पर अवैध रेत उत्खनन के खिलाफ सख्त कार्रवाई के दावे किए जाते हैं, लेकिन जमीनी हकीकत इन दावों से अलग नजर आ रही है। जब दिन के उजाले में रेत से भरी ट्रॉलियां सड़कों पर चल रही हों, तो यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि निगरानी तंत्र आखिर कहां है? क्या कार्रवाई केवल कागजों तक।

सीमित रह गई है पहले भी हो चुके हैं खुलासे

यह पहला अवसर नहीं है जब करैरा क्षेत्र में रेत माफिया का मामला सामने आया हो। पूर्व में भी अवैध उत्खनन और परिवहन के मामलों में कार्रवाई की गई, लेकिन कुछ समय बाद माफिया फिर सक्रिय हो गया। इससे स्पष्ट है कि अब केवल छिटपुट कार्रवाई नहीं, बल्कि निरंतर और ताबड़तोड़ अभियान की आवश्यकता है।

सख्त कार्रवाई की उठी मांग क्षेत्रवासियों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि अवैध रेत उत्खनन और परिवहन में संलिप्त सभी वाहनों को तत्काल जब्त किया जाए, दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई हो और नदी घाटों व प्रमुख मार्गों पर स्थायी निगरानी व्यवस्था लागू की जाए। ड्रोन सर्वे, चेक पोस्ट और नियमित गश्त से ही इस अवैध कारोबार पर प्रभावी रोक लगाई जा सकती है।यदि अब भी ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो आने वाले समय में पर्यावरणीय नुकसान के साथ-साथ कानून-व्यवस्था की स्थिति भी गंभीर हो सकती है। अब देखना यह है कि इन स्पष्ट फोटो साक्ष्यों के बाद प्रशासन रेत माफिया पर ताबड़तोड़ कार्रवाई करता है या फिर यह अवैध खेल यूं ही जारी रहेगा।

## कमिश्नर कार्यालय में हुआ जनसुनवाई का आयोजन




**प्रदीप सिंह बघेल**

शहडोल कमिश्नर शहडोल संभाग श्रीमती सुरभि गुप्ता ने शहडोल संभाग के दूर-दराज क्षेत्रों से आए लोगों की समस्याएं और शिकायतें सुनी और उनके निराकरण समय-सीमा में करने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए।

जनसुनवाई में उमरिया जिले के मानपुर से आए वीरेंद्र कुमार द्विवेदी ने वेतन भुगतान कराने, शहडोल जिले के ग्राम बुडवा निवासी युवराज सिंह बैंस ने शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बुडवा में अतिथि शिक्षक के पद पर नियुक्ति करने, ग्राम छतैनी निवासी सुनीता ने शासकीय प्राथमिक विद्यालय में मध्यान्ह भोजन बनाने का कार्य दिलाने, ब्यौहारी वार्ड नम्बर 7 निवासी पिंकू चौधरी ने पीएम आवास योजना की राशि दिलाने, ग्राम भर्री निवासी धरमदीन बैगा ने ग्राम भर्री में नवीन ऑगनवाड़ी भवन बनवाने, ग्राम नगपुरा निवासी अशोक कुमार गुप्ता ने खाद्यान्न दिलाने हेतु आवेदन जनसुनवाई में दिए। कमिश्नर ने प्राप्त आवेदनों के निराकरण हेतु संबंधित विभाग के अधिकारी की ओर आवेदन प्रेषित कर शीघ्रता के साथ निराकरण करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार अन्य अवेदकों ने भी अपनी शिकायतें एवं समस्याओं संबंधी आवेदन कमिश्नर को दिए। जनसुनवाई में संयुक्त आयुक्त विकास श्री मगन सिंह कनेश, उपायुक्त राजस्व मिनिषा पाण्डेय सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# शिवपुरी में स्मैक का कहर, पूरे शहर में फैला नशे का जाल



**ऋषि गोस्वामी**

शिवपुरी शहर में स्मैक का नशा तेजी से अपने पैर पसारता जा रहा है। हालात यह हैं कि शहर के कई इलाकों में स्मैक की खुलेआम बिक्री की चर्चाएँ आम हो चुकी हैं। युवा वर्ग बड़ी संख्या में इस खतरनाक नशे की चपेट में आता जा रहा है, लेकिन इसके बावजूद पुलिस और प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई होती नज़र नहीं आ रही है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि स्मैक तस्कर बेखौफ होकर शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में सक्रिय हैं। स्कूल-कॉलेज के आसपास और रिहायशी इलाकों में भी नशे की सप्लाई होने की शिकायतें सामने आ रही हैं। इससे न केवल युवाओं का भविष्य अंधकार में जा रहा है, बल्कि शहर की सामाजिक व्यवस्था पर भी गंभीर खतरा मंडरा रहा है। शहरवासियों का आरोप है कि कई बार शिकायतों के बावजूद न तो नियमित छापेमारी हो रही है और न ही बड़े नशा तस्करों पर कोई प्रभावी कार्रवाई। इससे तस्करों के हौसले और बुलंद होते जा रहे हैं। स्मैक जैसे खतरनाक नशे का बढ़ता चलन शिवपुरी के लिए एक गंभीर चेतावनी है। अब जरूरत है कि पुलिस प्रशासन इस ओर तत्काल ध्यान दे, नशे के कारोबार में लिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कदम उठाए और युवाओं को इस दलदल से बाहर निकालने के लिए जागरूकता अभियान चलाए। शहर की जनता अब जवाब चाहती है कि आखिर कब तक शिवपुरी का भविष्य नशे की भेंट चढ़ता रहेगा।

रणजीत टाइम्स
साप्ताहिक अख़बार
इंदौर प्रति मंगलवार, 20 जनवरी 2026 से 26 जनवरी 2026 तक



# काशी में देवी अहिल्या की विरासत पर चला बुलडोजर,

**सह संपादक- रंजीत टाइम्स**

इंदौर में भारी आक्रोश; प्रधानमंत्री से जांच की मांग वाराणसी/इंदौरः काशी के मणिकर्णिका घाट पर लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर द्वारा निर्मित ऐतिहासिक धरोहर के एक हिस्से को प्रशासन द्वारा ध्वस्त किए जाने के बाद विवाद खड़ा हो गया है। इस घटना को लेकर इंदौर सहित देशभर के विभिन्न समाजों में गहरा रोष है। 'खासगी ट्रस्ट' के अध्यक्ष यशवंतराव होलकर ने इस मामले में सीधे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर उच्च स्तरीय जांच की मांग की है।





### क्या है पूरा मामला?

वाराणसी (काशी) के मणिकर्णिका घाट के पुनर्विकास और 'कायाकल्प' के नाम पर वहां मौजूद प्राचीन निर्माणों को हटाया जा रहा है। इसी कड़ी में अहिल्याबाई होलकर द्वारा निर्मित विरासत को भी नुकसान पहुँचाया गया है। बताया जा रहा है कि 1771 में देवी अहिल्या ने इस घाट का जीर्णोद्धार कराया था और 1791 में यहां ऐतिहासिक धरोहरों का निर्माण हुआ था। मणिकर्णिका घाट काशी के 84 प्रमुख घाटों में से एक है और इसका धार्मिक व ऐतिहासिक महत्व अत्यंत अधिक है।

इंदौर में रणनीति तैयार, कल बड़ी बैठक इस घटना की खबर मिलते ही इंदौर में अहिल्या प्रेमी और विभिन्न समाजों के लोग लामबंद हो गए हैं। स्थानीय संगठनों का कहना है कि विकास के नाम पर ऐतिहासिक और सांस्कृतिक पहचान को मिटाया जाना असहनीय है। बैठक का आयोजनः कल (15 जनवरी) धनगर समाज, पाल, बघेल सहित करीब 15 समाजों की एक बड़ी बैठक बुलाई गई है। विरोध की रणनीतिः इस बैठक में प्रशासन के इस कदम के खिलाफ आंदोलन और विरोध प्रदर्शन की रूपरेखा तैयार की जाएगी।

खासगी ट्रस्ट ने उठाए सवाल खासगी देवी अहिल्याबाई होलकर चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष यशवंतराव होलकर ने कड़ी नाराजगी जताते हुए कहा कि विकास कार्य जरूरी हैं, लेकिन उन्हें विरासत को सुरक्षित रखते हुए किया जाना चाहिए। उन्होंने मांग की है किः मुख्यमंत्रीयोगीआदित्यनाथइसलापरवाहीकीजांचकराएं। दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए। क्षतिग्रस्त मूर्तियों और धरोहरों को सम्मान के साथ पुनः स्थापित किया जाए।

# पुलिस थाना छतरीपुरा द्वारा प्रतिबंधित पतंग धागे के 20 रोल (लगभग 9000 /- रूपये कीमती) जप्त कर किया प्रकरण दर्ज

**खुशबू श्रीवास्तव**

इंदौर कमिश्नरेट मे अवैध रुप से प्रतिबंधित चाइनीज मांझा बेचने वालो पर नियंत्रण हेतु प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर द्वारा दिये गये है। उक्त निर्देशों के तारतम्य मे अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अमित सिंह ,डीसीपी जोन-04 आनंद कलादगी, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जोन 04 दीशेष अग्रवाल, सहायक पुलिस आयुक्त हेमंत चौहान के मार्गदर्शन में पुलिस थाना छतरीपुरा के द्वारा प्रतिबंधित पतंग-धागे से संबंधित प्रतिबंधात्मक आदेशों के परिपालन में चेकिंग व कार्यवाही की जा रही है इसी क्रम में थाना प्रभारी संजीव श्रीवास्तव के निर्देशन में पतंग दुकानों चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है मुखबिर सूचना हमराह बल आर. 3497 अरुण सिंह चौहान व आर. 1472 भूपेन्द्र राजोरिया के इलाका भ्रमण में रवाना होकर बियाबानी चौराहा पहुचां जहां मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति जंगमपुरा बियाबानी मैन रोड फुटपाथ, इंदौर में प्रतिबंधित धागा (मांझा) बेच रहा है सूचना पर विश्वास कर हमराह बल को सूचना से अवगत कराया व साथ लेकर जंगमपुरा बियाबानी मैन रोड फुटपाथ मुखबिर व्दारा बताये स्थान पर पहुंचा। जहां पर एक व्यक्ति अपने फुटपाथ पर दुकान लगाकर पतंग मांझे की दुकान लगाकर एक चरखी जिस पर रेड पांडा छपा होकर रेड पांडा लिखा होकर threads for industrial use only लिखा है जो कि पतंग उड़ाने के लिये प्रतिबंधित होकर सामान्य जन जीवन के लिये घातक है। दुकान संचालक उक्त इंस्ट्रियल धागा रखने व बेचने के संबंध में कोई अनुज्ञप्ति या अनुमति का पुछते कोई अनुज्ञप्ति या अनुमति का नहीं होना बताया। जिसका नाम पता पूछते उसने अपना नाम रोहित हातुनिया पिता चुन्नीलाल हातुनिया उम 36 साल नि. 10 जंगमपुरा, बियाबानी, इंदौर मो 9977702205 का बताया। माननीय कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी जिला इन्दौर के व्दारा प्रख्यापित आदेश क्र/1158/रीएडीएम/2025 इन्दौर, दिनांक 25.11.2025 के माध्यम से इन्दौर जिले की राजस्व सीमा में चायनीज धागा पतंगबाजी में उपयोग एवं बेचने को प्रतिबंधित करने संबंधी आदेश के उल्लघंन में



चुन्नीलाल हातुनिया के कब्जे से प्रतिबंधित threads (Industrial use only) के कुल 20 गट्टा (कोण) कीमत लगभग 9000 रु. का मौके से आरोपी रोहित से समक्ष पंचान आषीश हतुनिया, व जंयत परमार व आर. 3497 अरुण सिंह चौहान व आर. 1472 भूपेन्द्र राजोरिया के समक्ष विधिवत जप्त कर जप्ती पंचनामा तैयार किया गया। हालात थाना प्रभारी महोदय को बताये गये। श्रीमान थाना प्रभारी महोदय के आदेशानुसार वापसी पर आरोपी के विरुद्ध अपराध धारा 223 (B), 125 बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक संजीव श्रीवास्तव उप निरीक्षक पवन कुमार नरवरे प्रधान आरक्षक धर्मेंद्र पाठक ,आरक्षक अरुण सिंह चौहान, आरक्षक भूपेंद्र सिंह, आरक्षक धर्मेंद्र सिंह सोनगरा की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# उच्च न्यायालय अधिवक्ता संघ, इंदौर के चुनाव 28 जनवरी को प्रस्तावित

इंदौर उच्च न्यायालय अधिवक्ता संघ, इंदौर के आगामी चुनावों को लेकर तैयारियां तेज़ हो गई हैं। संघ द्वारा चुनाव की तिथि 28 जनवरी निर्धारित की गई है। इसी क्रम में विभिन्न पदों के लिए नामांकन फार्मो का वितरण किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार अध्यक्ष पद के लिए मनीष जैन,गौरव श्रीवास्तव, गोविंदपाल सिंह, मनीष यादव,सूरज शर्मा 5 फार्म, उपाध्यक्ष पद धर्मेंद्र साहू, भावना साहू, अभिषेक तुगनावत, मधुसूदन यादव के लिए 4 फार्म, सचिव पद के लिए मनीष गडकर, नीलेश मनोर 2 फार्म, सह-सचिव पद के लिए ज्ञानेंद्र शर्मा 1 फार्म, तथा कार्यकारिणी सदस्य पद के लिए तेजस जैन, विजय गुलानी,



उत्कर्ष देसाई, आर्निक जैन, अमन मालवीय, बालकृष्ण रॉयल कुल 6 फार्म वितरित किए गए हैं। निर्वाचन समिति द्वारा चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। चुनाव को लेकर अधिवक्ताओं में उत्साह का माहौल है और विभिन्न पदों के संभावित उम्मीदवारों के बीच गतिविधियां तेज हो गई हैं। मुख्य चुनाव अधिकारी श्री मनोज द्विवेदी का कहना है कि यह चुनाव संगठन की नई कार्यकारिणी के गठन के साथ-साथ अधिवक्ताओं के हितों की दिशा भी तय करेगा।

## सार्वजनिक सूचना

सविनय में विनोद भारद्वाज निवासी तहसील लटेरी जिला विदिशा म.प्र. वर्तमान पता त्रिलोकपुरी कॉलोनी अशोकनगर जिला अशोकनगर सूचित करना चाहता कि मेरी धर्मपत्नि का नाम श्रीमति चंचल भारद्वाज (Smt.Chanchal Bharadwaj) से हटाकर श्रीमति चंचल (Smt.Chanchal) कर लिया है ये परिवर्तन दिनांक 15/01/2026 से प्रभावी होगा। इस परिवर्तन का कारण मेरे दस्तावेजों में सुधार किया जाना है।

**श्री विनोद भारद्वाज पत्नि श्रीमति चंचल**

**मोबाइल नम्बर 8349901297**




# रणजीत टाइम्स ने पूरे उत्साह और संकल्प के साथ मनाई 10वीं वर्षगांठ

इंदौर। रणजीत टाइम्स समाचार पत्र एवं न्यूज़ चैनल की 10वीं वर्षगांठ आज कार्यालय परिसर में पूरे उत्साह, गरिमा और हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर सह-संपादक, संवाददाता, रणजीत टाइम्स का समस्त स्टाफ एवं परिवारजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत श्री माताजी निर्मला देवी के पूजन-अर्चन, पुष्पार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ की गई। इसके पश्चात मुख्य अतिथि श्रीमती गोदावरी गावंडे ने दीप प्रज्वलित कर माताजी को पुष्प अर्पित किए और कार्यक्रम को गरिमामय बनाया। इस अवसर पर उपस्थित सभी पत्रकार साथियों ने अपने-अपने अनुभव साझा किए। प्रधान संपादक गोपाल गावंडे ने सभी को संबोधित करते हुए संगठन का मूल मंत्र दिया। उन्होंने कहा कि रणजीत टाइम्स का उद्देश्य केवल समाचार देना नहीं, बल्कि निष्पक्ष, पारदर्शी और जनहित से जुड़ी पत्रकारिता को निरंतर मजबूती प्रदान करना है।



कार्यक्रम में सर्वसम्मति से यह संकल्प लिया गया कि वर्ष 2026 में विशेष सदस्यता अभियान चलाकर रणजीत टाइम्स को पूरे भारत में विस्तार दिया जाएगा। साथ ही राजनीति, अपराध और ड्रग्स जैसे गंभीर विषयों पर रणजीत टाइम्स का फोकस और अधिक सशक्त रूप से जारी रहेगा। वर्तमान में रणजीत टाइम्स से मध्य प्रदेश के लगभग प्रत्येक जिले में संवाददाता जुड़ चुके हैं। इसके अतिरिक्त राजस्थान, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, दिल्ली सहित विदेशों में सिंगापुर एवं दुबई में भी रणजीत टाइम्स के पत्रकार सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं। संगठन का मिशन है कि हर जिले में कम से कम दो संवाददाता नियुक्त कर स्थानीय खबरों को राष्ट्रीय स्तर तक पहुँचाया जाए। 10वीं वर्षगांठ के अवसर पर सभी ने एक-दूसरे को शुभकामनाएँ दीं तथा उन सभी पाठकों का हृदय से आभार व्यक्त किया, जिनके निरंतर सहयोग और विश्वास से रणजीत टाइम्स आज इस मुकाम तक पहुँचा है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उपस्थित रहेः मुख्य अतिथि श्रीमती गोदावरी गावंडे, प्रधान संपादक गोपाल गावंडे, सह-संपादक दीपक वाडेकर, आदित्य शर्मा, संभाग ब्यूरो (इंदौर) राजेश धाकड़, मध्य प्रदेश मार्केटिंग हेड सुनील खंडागले, रणजीत टाइम्स डेस्क इंचार्ज रेनू कैथवास, इंदौर जिला क्राइम रिपोर्टर चक्रवर्ती जी, संवाददाता विनोद, अजय मेटकर, पूजा शर्मा, प्रिया मैम, लीगल हेड विकास भारद्वाज (अधिवक्ता), अधिवक्ता दीपक सोनी, अमित श्रीवास्तव, अजय जी यादव, पीयूष जी भीटे, गौतम जी गोड सहित अनेक पत्रकार साथी एवं स्टाफ सदस्य।

# इंदौरः वार्ड 47 में ठेकेदार की मनमानी, काम के बदले वसूली का आरोप; पार्षद ने लगाई फटकार


दीपक वाड़ेकर

इंदौर। नगर निगम झोन क्रमांक 9 के वार्ड क्रमांक 47 (दुबे साहब के बगीचे की गली नंबर 5) में विकास कार्यों के नाम पर भ्रष्टाचार और अवैध वसूली का मामला सामने आया है। स्थानीय रहवासियों ने ड्रेनेज और नर्मदा लाइन डाल रहे ठेकेदार शिव कुमार नागिया पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

### वसूली और अव्यवस्था के मुख्य बिंदुः

नल कनेक्शन के नाम पर वसूलीः रहवासियों का आरोप है कि ठेकेदार द्वारा प्रति घर 3,000 रुपये की अवैध वसूली की गई। हद तो तब हो गई जब कनेक्शन के लिए लगने वाले प्लास्टिक पाइप के पैसे भी जनता से लिए गए, लेकिन इसकी कोई रसीद नहीं दी गई। पानी की सप्लाई में अनिश्चितताः कनेक्शन होने के बाद भी पानी आने का कोई तय समय नहीं है। निगम कर्मचारी अपनी मनमर्जी से वाल्व चालू करते हैं, जिससे कई परिवार पानी भरने से वंचित रह जाते हैं।





### घटिया निर्माण सामग्री

वर्तमान में डाले जा रहे ड्रेनेज लाइन और चेंबरों में घटिया मटेरियल के इस्तेमाल की शिकायत है। रहवासियों को डर है कि भविष्य में ये चेंबर जल्दी ही टूट जाएंगे। कनेक्शन के लिए 'रिश्वत' की मांगः घर की पर्सनल लाइन को मेन चेंबर से जोड़ने के लिए ठेकेदार द्वारा 1,000 से 3,000 रुपये की मांग की जा रही है। पैसे न देने पर रहवासियों के घरों का कनेक्शन काट दिया गया है, जिससे लोग गंदगी और ड्रेनेज की समस्या से जूझ रहे हैं।

पार्षद की कार्रवाईः रहवासियों के अनुसार, वार्ड पार्षद नंद किशोर पहाड़िया से कई बार शिकायत की गई थी, लेकिन शुरुआत में कोई सुनवाई नहीं हुई। जब मीडिया संवाददाता ने जनता की समस्या को लेकर पार्षद को मौके पर बुलाया, तब पार्षद ने जनता के बीच ही ठेकेदार शिव कुमार नागिया को फोन पर कड़ी फटकार लगाई और जल्द समाधान का आश्वासन दिया।

### मुख्यमंत्री से गुहार

क्षेत्र की जनता ने प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव से निवेदन किया है कि इंदौर में ठेकेदारों और जिम्मेदार अधिकारियों की इस 'दादागिरी' पर लगाम कसी जाए। रहवासियों की मांग है कि भ्रष्टाचार करने वाले ठेकेदारों को तुरंत हटाया जाए और जनता को मूलभूत सुविधाएं बिना किसी अवैध वसूली के प्रदान की जाएं।

# ऐतिहासिक बाणगंगा मेला का सांसद ,विधायक द्वारा उद्घाटन



**प्रदीप सिंह बघेल**

मकर संक्रांति के अवसर पर बाणगंगा मैदान शहडोल में आयोजित होने वाले 7 दिवसीय बाणगंगा मेला उत्सव का शुभारंभ सांसद शहडोल संसदीय क्षेत्र श्रीमती हिमाद्री सिंह ने फीता काटकर एवं ध्वज फहराकर किया। इस अवसर पर विधायक श्रीमती मनीषा सिंह, श्री जय सिंह मरावी, कलेक्टर डॉ. केदार सिंह, पुलिस अधीक्षक श्री रामजी श्रीवास्तव सहित अन्य जन प्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहें।

# मुख्यमंत्री डॉ यादव ने आमजन के साथ सुबह के समय चाय पी



उज्जैन । मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने गुरुवार को भगवान बृहस्पति मंदिर में दर्शन करने के बाद पास के तेलीवाड़ा चौराहे पर शहर की पुरानी चाय की दुकान पर स्थानीय लोगों के साथ ठंड के दौरान चाय पी और चर्चा की। उन्होंने दुकान संचालक से उनका हालचाल पूछा, चाय पीने के बाद मुख्यमंत्री डॉ यादव ने चाय के पैसे दिए, दुकानदार द्वारा संकोच के कारण पैसे नहीं लेने पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ये तो लेना ही होंगे।

# चौकी रामनगर पुलिस ने रोटावेटर चोरी करने वाले आरोपी को किया गिरफ्तार ट्रेक्टर व रोटावेटर कीमती 487500/-रुपये का मशरुका बरामद



## मोटर सायकल की किस्त चुकाने के लिए आरोपी द्वारा चोरी किया गया रोटावेटर

खंडवा। फरियादी गोपालसिह पिता विश्वनाथसिह मौर्य जाति राजपूत निवासी जसवाडी ने थाना कोतवाली पर आकर रिपोर्ट किया कि राजपूत ढाबा के सामने कच्चे रास्ते पर उसका खेत है। उसमे खेती का सामान रखने का कच्चा मकान बना है। उसके सामने खेती का रोटावेटर कीमती 87500/- रूपये का रखा था, जिसे दिनांक 30.12.25 की रात्रि में कोई अज्ञात बदमाश चुरा कर ले गया। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना कोतवाली खण्डवा मे अपराध क्रमांक 34/2026 एंव धारा 303 (2) बीएनएस का अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया।

पुलिस अधीक्षक खंडवा श्री मनोज कुमार राय के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) श्री राजेश रंघुवशी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री महेन्द्र तारणेकर (शहर) व नगर पुलिस अधीक्षक श्री अभिनव कुमार बांरगे के मार्गदर्शन में आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु थाना प्रभारी प्रवीण आर्य थाना प्रभारी कोतवाली के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। चौकी प्रभारी रामनगर सउनि नन्दराम वासुरे द्वारा टीम की मदद से माल बरामदगी एवं आरोपी की पतारसी हेतु विश्वसनीय मुखबिर तैयार किये गये तथा तकनीकी साक्ष्य एवं सीसीटीव्ही फुटेज के आधार पर संदिग्ध अनिल पिता लाडका जाति बारेला निवासी आमडी थाना चैनपुर झिरन्या जिला खरगोन की तलाश पतारस्सी की गई, जो आरोपी अनिल घर पर मिला, जिससे पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकार किया तथा बताया कि उसने एक पल्सर मोटर सायकिल किस्त पर ली थी, उसकी किस्त नहीं भर पा रहा था, इसलिए उसने ट्रेक्टर ले जाकर रोटावेटर की चोरी किया है। आरोपी से रोटावेटर कीमती 87500/- रुपये तथा चोरी में उपयोग ट्रेक्टर महेन्द्र कम्पनी कीमती 4,00,000/- रुपये कुल मशरुका 487500/- रुपये का जप्त किया गया एवं आरोपी को गिरफ्तार कर दिनांक 14.01 2026 को न्यायालय खंडवा पेश किया गया।सराहनीय भूमिका थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक प्रवीण आर्य खण्डवा, चौकी प्रभारी रामनगर सउनि नन्दराम वासुरे, प्रधान आरक्षक महेश राठोर, आरक्षक नितिन रघुवंशी, आरक्षक 214 अनिल पटेल, आरक्षक 725 विजय चौकी रामनगर थाना कोतवाली की सराहनीय भूमिका रही।

# जिला स्तर पर हुआ विज्ञान, गणित, पर्यावरण एवं सामाजिक विज्ञान प्रदर्शिनी का आयोजन

**गोलू यादव**

दिनांक को शा.उत्कृष्ट उ.मा.वि. पठार अशोकनगर में जिला स्तरीय विज्ञान, गणित, पर्यावरण एवं सामाजिक विज्ञान प्रदर्शिनी का आयोजन किया गया जिसमें विकासखण्ड स्तर पर चयनित जिनमे 45 मॉडल, 7 सॉर्ट प्ले, 8 सोलो सांग, 7 सेमीनार से संबंधित प्रतिभागियों को आमंत्रित किया गया। जिसमें प्रतिभागियों द्वारा लाये गए मॉडल को चयन समिति द्वारा अंक दिये गए जिसमें अंको के आधार पर पोर्टल द्वारा राज्य स्तर पर चयन किया जावेगा। कार्यक्रम का शुभारंभ श्री राजेश जैन मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अशोकनगर एवं सहायक संचालक सुश्री ऐनिस जैन, श्री महेन्द्र कुमार जैन एपीसी अकादमिक द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम का संचालन श्री अभिषेक चौधरी एपीसी द्वारा किया गया कार्यक्रम में अधिकारियों द्वारा सभी मॉडलों का निरीक्षण किया गया एवं बच्चों से



संवाद कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। उक्त कार्यक्रम में श्री विनोद सिहारे, श्री जगमोहन सिंह यादव बीएसी, श्री धर्मेन्द्र झा बीएसी, श्री संदीप चौबे सीएसी, श्री दिलीप रघुवंशी सीएसी, श्री धर्मेन्द्र अरोरा, श्री कबूल सिंह धाकड़ सीएसी, श्री बलराम शर्मा शिक्षक सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे और बच्चों को प्रोत्साहित किया गया।

# छितीपुर नाले से अवैध रेत उत्खनन पर बड़ी कार्रवाई, एसडीएम ने जेसीबी व 100 ट्रॉली रेत की जब्त

**दीपक परमार**

करैरा : अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) करैरा अनुराग निंगवाल द्वारा रेत माफियाओं के विरुद्ध लगातार सख्त कार्वाई की जा रही है इसी क्रम में आज दिनारा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम छितीपुर नाले से अवैध रूप से रेत का उत्खनन करते हुए एक जेसीबी मशीन को मौके से जब्त की और कार्वाई के दौरान नाले के पास लगभग 100 ट्रॉली अवैध रूप से भंडारित रेत भी जब्त की गई जब्त की गई जेसीबी मशीन को थाना दिनारा के सुपुर्द कर दी गई. !



# क्राइम ब्रांच इंदौर पुलिस की कार्यवाही में 513 gram अवैध मादक पदार्थ "MD" के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार

**अपराध क्रमांक- 07/2026 , धारा- 8/22 घटना स्थल- सिद्धेश्वर जालंधर नाथ महादेव मंदिर के पास एम आर 4 रोड, इंदौर**




**आरोपीयों के नाम**

1.निकल निदवानिया नि मंदसौर , 2. मुकेश धनगर उर्फ बबलू नि. मंदसौर एवं 3. कमलेश गायरी नि राजस्थान

जब्त माल का विवरण : - 513.48 ग्राम एमडी व एक दोपहिया वाहन हीरो स्प्लेंडर एवं 03 मोबाइल फोन कुल मश्रूका एक करोड़ रुपए

घटना का विवरण :- प्रदेश में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी एवं इनकी गतिविधियों में संलिप्त अपराधियों पर प्रभावी कार्यवाही कर इनके नेटवर्क को नेस्तनाबूत करने के सख़्त निर्देश माननीय मुख्यमंत्री ,मध्यप्रदेश शासन द्वारा दिये गए हैं। इसी तारतम्य में इंदौर पुलिस द्वारा अभियान चलाकर लगातार अवैध नशे पर कड़ा प्रहार कर रही है। इसी अनुक्रम में क्राइम ब्रांच टीम के द्वारा दिनांक 15.01.2026 को शहर के विभिन्न क्षेत्रों में संदिग्धों की तलाश पतारसी व मुखबिर सूचना संकलन करने के दौरान शहर के सिद्धेश्वर जलधार नाथ महादेव मंदिर के पास एम आर 4 रोड इंदौर सड़क के किनारे एक बाइक खड़ी दिखी जिस पर कुछ लोग बैठे थे जो पुलिस वाहन को देखकर गाड़ी सहित भागने की कोशिश करने लगे जिन्हें घेराबंदी कर रोका और पास जाकर उपरोक्त व्यक्तियो से पूछताछ पर अपना नाम पता (1). निकल निदवानिया नि मंदसौर , (2). मुकेश धनगर उर्फ बबलू नि. मंदसौर एवं (3). कमलेश गायरी नि राजस्थान का होना बताया। जिनकी विधिवत तलाशी लेते 513.48 ग्राम अवैध मादक पदार्थ MD एवं एक दोपहिया वाहन हीरो स्प्लेंडर मौके से जब्त की गई। क्राइम ब्रांच टीम द्वारा 03 आरोपीयो को अग्रिम वैधानिक कार्यवाही हेतु गिरफ्तार कर अपराध पंजीबद्ध किया गया।

पुलिस कार्यवाही - आरोपी ने प्रारंभिक पूछताछ में अवैध लाभ अर्जित करने की मंशा से सस्ते में मादक पदार्थ खरीदकर नशे के आदी लोगों को अधिक दामों पर इंदौर शहर में बेचना कबूला है । आरोपीयों से 513.48 ग्राम "MD" जप्त किया गया है। आरोपी के विरुद्ध थाना अपराध शाखा में अपराध क्रमांक 07/2026 धारा 8/22 NDPS एक्ट के तहत् अपराध पंजीबद्ध कर, विवेचना के आधार पर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही हैं ।

## खोखसर में गायों के लिए लापसी बनाकर खिलाई

**बालोतरा/सुमेर दाधीच**

गड़ा पंचायत समिति के खोखसर गांव में गायों के ले गांव वालों ने चंदा कर गऊ माताओ के लिए गांव में मैन बाजार में भटी लगाकर अपने हाथों से लापसी बनाकर खिलाई। गौ भक्तों हर ग्यारस ओर अमावस्या को गायों के लिए हमेशा आगे रहते है व गांव में घूमने वाले आवारा पशुओं के लिए रोजाना चारा की व्यवस्था की हुई हैं ग्रामीणजनो ने गौ भक्तों का आभार जताया है खास बात यह है कि 51 किलो देशी घी की लापसी के लिए अमावस्या के दिन पूर्व में ही चंदन मल दाधीच ने घोषणा कर दी है धन्यवाद गौ भक्तों का।



## सुप्रीम कोर्ट की फटकार के बाद चंदन नगर टीआई इंद्रमणि पटेल हटाए गए

**सह संपादक - दीपक वाड़ेकर**

इंदौर जुआ-सट्टा और एनडीपीएस (NDPS) जैसे गंभीर मामलों में फर्जी या 'पॉकेट गवाहों' के जरिए केस तैयार करने वाले चंदन नगर टीआई इंद्रमणि पटेल को सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद पद से हटा दिया गया है। माननीय न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्ला ने टीआई की कार्यप्रणाली पर कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए उन्हें जमकर फटकार लगाई है।

### कानून के छात्र ने उजागर किया फर्जीवाड़ा

इस पूरे मामले का खुलासा कानून के छात्र असद अली वारसी ने किया। उन्होंने कोर्ट में एक विस्तृत सूची पेश की, जिसमें बताया गया कि इंद्रमणि पटेल के कार्यकाल (23 अक्टूबर 2023 से 23 अक्टूबर 2024) के दौरान दर्ज 165 प्रकरणों में चुनिंदा लोगों को ही बार-बार गवाह बनाया गया था।

**प्रमुख नाम**

इन प्रकरणों में सलमान (निवासी नालापार) और आमिर (निवासी आमवाला रोड) को मुख्य रूप से गवाह बनाया गया था। कोर्ट की टिप्पणीः न्यायमूर्ति ने सवाल उठाया कि हर आपराधिक घटना के वक्त आमिर और सलमान ही क्यों मौजूद रहते हैं? उन्होंने टीआई से कहा, "तुम दुर्भाग्य से उस कुर्सी पर बैठे हो, हम आपका आतंक समझ सकते हैं"। सुप्रीम कोर्ट के सख्त रुख के बाद इंदौर पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह ने मंगलवार शाम टीआई इंद्रमणि पटेल को तत्काल प्रभाव से लाइन अटैच करने के आदेश जारी कर दिए। डीसीपी जोन-4 आनंद कलादगी ने भी टीआई को हटाए जाने की पुष्टि की है।

सुनवाई के दौरान टीआई इंद्रमणि पटेल खुद कोर्ट में मौजूद थे। उन्होंने अपनी सफाई में कहा कि ये प्रकरण उनके द्वारा दर्ज नहीं किए गए हैं और इसमें विवेचकों (Investigating Officers) की लापरवाही हो सकती है। हालांकि, कोर्ट ने इस दलील को खारिज करते हुए कहा कि थाना प्रभारी होने के नाते यह आपकी सीधी जिम्मेदारी है। क्या होते हैं 'पॉकेट गवाह'? सेवानिवृत्त अधिकारियों के अनुसार, अक्सर आबकारी और एनडीपीएस मामलों में जब ग्रामीण या स्थानीय लोग गवाही देने से इनकार कर देते हैं, तो पुलिस अपने संपर्क के कुछ खास लोगों का नाम गवाह के तौर पर हर केस में डाल देती है। इन्हें ही तकनीकी भाषा में 'पॉकेट गवाह' कहा जाता है, जिनका इस्तेमाल केस को कागजों पर मजबूत करने के लिए किया जाता है।

# जैन सोशल ग्रुप आइकॉन द्वारा 'कौन बनेगा आइकॉन जीनियस' कार्यक्रम संपन्न

**झाबुआ।** जैन सोशल ग्रुप आइकॉन अपनी अनोखी एवं नवाचारी गतिविधियों के लिए जाना जाता है। इसी कड़ी में समूह द्वारा 'कौन बनेगा आइकॉन जीनियस' नामक मेगा इवेंट का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम को आइकॉनिक स्वरूप देने के लिए इवेंट की वर्किंग कमेटी पिछले कई दिनों से पूरी लगन के साथ जुटी हुई थी। यह इवेंट ज्ञान और मनोरंजन का अनूठा संगम रहा, जिसे आधुनिक टेक्नोलॉजी एवं सॉफ्टवेयर के माध्यम से एलईडी स्क्रीन पर आकर्षक और जीवंत रूप में प्रस्तुत किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ नेहा घोड़ावत द्वारा नवकार मंत्र के मंगलाचरण से हुआ। इसके पश्चात ज्ञान आधारित इस गेम शो में प्रतिभागियों को चार टीमों में विभाजित किया गया। सभी टीमों के नाम देशभक्ति की भावना को दर्शाते हुए रखे गए। टीमों की कप्तानी इस प्रकार रही—

तेजस – अंकुर भंडारी एवं निशा भंडारी



धनुष – अर्पित सकलेचा एवं श्रुति सकलेचा

ब्रह्मोस– कपिल गादिया एवं परी गादिया

विक्रांत – निशांत शाह एवं पूजा शाह

रोमांचक मुकाबलों के बाद टीम तेजस को विजेता घोषित किया गया। टीम के कप्तान अंकुर भंडारी को विजेता ट्रॉफी प्रदान की गई, वहीं पूरी टीम को गिफ्ट हैम्पर देकर सम्मानित किया गया। पूरे कार्यक्रम में निर्णायक की भूमिका शेलू बाबेल एवं निधि रुनवाल ने कुशलता से निभाई। कार्यक्रम का प्रभावशाली संचालन मयंक - निधिता रुनवाल एवं प्रयास -सुहानी बाबेल द्वारा किया गया। इवेंट को सफल बनाने में गौरव जैन, विराट पीतलिया एवं पराग रुनवाल का विशेष योगदान रहा। एडवाइजरी टीम के नीरज गादिया, जय भंडारी एवं दिनेश रुनवाल ने सदैव की तरह मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यक्रम के समापन पर आभार प्रदर्शन अंकित रुनवाल एवं निधि रुनवाल द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अध्यक्ष संचित शेलू बाबेल ने सभी सहयोगियों, प्रतिभागियों एवं उपस्थितजनों का सादर धन्यवाद ज्ञापित किया। 'कौन बनेगा आइकॉन जीनियस' कार्यक्रम जैन समुदाय में ज्ञान, मनोरंजन एवं तकनीकी नवाचार का उत्कृष्ट उदाहरण सिद्ध हुआ, जिसने विशेष रूप से युवाओं को प्रेरित किया।

# हाई-डोज निमेसुलाइड पर केंद्र सरकार का बड़ा फैसला

**100 mg से अधिक मात्रा वाली खाने की दवाओं पर देशभर में तत्काल रोक**

**रिपोर्ट: शिवि शुक्ला | रणजीत टाइम्स**

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने जनहित में एक बड़ा और अहम फैसला लेते हुए दर्द व बुखार में इस्तेमाल होने वाली दवा निमेसुलाइड की 100 मिलीग्राम से अधिक मात्रा वाली ओरल (खाने वाली) इमीडिएट-रिलीज दवाओं के निर्माण, बिक्री और वितरण पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगा दिया है। यह आदेश ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट, 1940 की धारा 26A के तहत जारी किया गया है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना में कहा गया है कि हाई-डोज निमेसुलाइड मानव स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बन सकती है, जबकि बाजार में इसके ज्यादा सुरक्षित विकल्प पहले से उपलब्ध हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए सरकार ने यह सख्त कदम उठाया है।




## क्यों लिया गया यह फैसला?

स्वास्थ्य विशेषज्ञों और तकनीकी समितियों की समीक्षा में सामने आया कि 100 mg से अधिक मात्रा वाली निमेसुलाइड से लिवर और किडनी पर गंभीर दुष्प्रभाव पड़ सकते हैं। बिना डॉक्टर की सलाह के दवा लेने की प्रवृत्ति को देखते हुए सरकार ने इसे जनस्वास्थ्य के लिए जोखिमपूर्ण माना। हाई-डोज निमेसुलाइड से होने वाले संभावित नुकसान लिवर को गंभीर नुकसान (Hepatotoxicity) पीलिया, लिवर फेलियर, लगातार थकान और गहरे रंग का मूत्र किडनी पर असर तीव्र या पुरानी किडनी फेलियर का खतरा पेट संबंधी समस्याएं पेट दर्द, उल्टी, दस्त, गैस और जलन अन्य दुष्प्रभाव चक्कर आना, सिरदर्द, खुजली और त्वचा पर चकत्ते दवा कंपनियों के लिए सख्त निर्देश

## अधिसूचना के अनुसार

जिन कंपनियों की 100 mg से अधिक डोज वाली निमेसुलाइड दवाएं बाजार में हैं, उन्हें तुरंत उत्पादन बंद करना होगा। बाजार में मौजूद सभी प्रभावित बैचों को रिकॉल (वापस मंगाना) अनिवार्य होगा। यह आदेश पूरे देश में लागू रहेगा और उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। जनता के लिए सलाह स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने आम लोगों से अपील की है कि दर्द या बुखार में बिना डॉक्टर की सलाह के दवाएं न लें। यदि कोई व्यक्ति पहले से निमेसुलाइड का सेवन कर रहा है, तो डॉक्टर से परामर्श लेकर ही दवा बदलें या बंद करें। यह फैसला साफ संकेत देता है कि सरकार अब दवाओं की सुरक्षा को लेकर कोई समझौता नहीं करेगी और आम नागरिकों के स्वास्थ्य की रक्षा के लिए कड़े कदम उठाती रहेगी।

# भागीरथपुरा कांड पर कांग्रेस का तीखा हमला, जिम्मेदारों के इस्तीफे की मांग

### मध्यप्रदेश महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष रीना बौरासी से रणजीत टाइम्स की खास बातचीत



**इंदौर**। भागीरथपुरा कांड को लेकर कांग्रेस का आक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है। मध्यप्रदेश महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष रीना बौरासी की रणजीत टाइम्स से बातचीत में सरकार और प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए।

## रीना बौरासी ने कहा

"पिछले 15 दिनों से कांग्रेस पार्टी इस मामले में लगातार एक्टिवली कार्य कर रही है। 25 दिसंबर को ही 8 लोगों की मौत हो चुकी थी। हम 5 महीने के उस बच्चे के परिवार से मिलने गए, जिसकी मौत सरकार की लापरवाही के कारण हुई। 11 साल बाद जन्मे उस बच्चे की मौत हो गई उनके परिवार का चिराग बुझ गया उन्होंने कहा कि यह केवल एक हादसा नहीं बल्कि सरकार की लापरवाही से हुआ जनसंहार है। "अब तक 24 लोगों की मौत हो चुकी है और 500 से ज्यादा लोग आज भी अस्पताल में भर्ती हैं, बीमार हैं।" रीना बौरासी ने आरोप लगाया कि सरकार केवल दिखावटी कार्रवाई कर रही है।"छोटे अधिकारियों को सस्पेंड कर दिया गया, कुछ के ट्रांसफर कर दिए गए, लेकिन जो असली दोषी हैं, वे अब तक इस्तीफा क्यों नहीं दे रहे?"

## उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा

"जिन लोगों की लापरवाही से यह कांड हुआ, उन्हें अपने पद से तुरंत इस्तीफा देना चाहिए। यह देश, मध्यप्रदेश और इंदौर देख रहा है पूरा देश देख रहा है।" महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस पार्टी पीड़ित परिवारों के साथ हर मोर्चे पर खड़ी है। "दुख और तकलीफ में कांग्रेस के हर विभाग ने आंदोलन किया है और आगे भी करेगा।" रीना बौरासी ने राहुल गांधी के आगमन पर रोक को लेकर भी सवाल खड़े किए। "राहुल जी के आगमन पर बैठक लगा दी गई थी । हमारे कई पार्षद आने वाले थे। सवाल यह है कि आखिर गुनहगारों को क्यों बचाया जा रहा है? अगर राहुल गांधी आते और बैठक होती तो सारी पोल खुल जाती।" उन्होंने कहा कि यह मामला केवल भागीरथपुरा तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे इंदौर का है। "इंदौर में गंदा पानी आ रहा है। क्या सरकार की नजरों में पानी की कोई कीमत नहीं है?"

## अंत में रीना बौरासी ने कहा

"इस्तीफा देना ही चाहिए। जिनकी वजह से यह कांड हुआ, उन्हें नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए तुरंत अपने पद से इस्तीफा देना चाहिए और दोषियों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।"

# हॉकी फीडर सेंटर धार के खिलाड़ी को सम्मानित



## दिलीप पाटीदार

धार पुलिस लाईन धार में संचालित हॉकी फीडर सेंटर की खिलाड़ी कु. राग्यश्री बामनिया ने शालेय राष्ट्रीय हॉकी प्रतियोगिता में म.प्र. का प्रतिनिधित्व करते हुए रजत पदक प्राप्त किया एवं कु. दुर्गेश्वरी राठौर ने अन्तर महाविद्यालय प्रतियोगिता पूणे (महाराष्ट्र) में देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इन्दौर का प्रतिनिधित्व किया। दोनों खिलाड़ियों को उप पुलिस महानिरीक्षक/पुलिस अधीक्षक श्री मंयक अवस्थी द्वारा उच्च स्तरीय अल्फा ए-एक्स 5 हॉकी स्टीक, शूज, प्रमाण पत्र, मेडल, बुके एवं नगद पुरस्कार से सम्मानित कर दोनों खिलाड़ियों को खेल में उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने हेतु प्रोत्साहित कर बधाई प्रेषित की। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि खिलाड़ियों को उच्च स्तर की खेल सामग्री एवं आर्थिक सहायता प्रदान की जावें, जिससे खिलाड़ी प्रतियोगिता में उत्कृष्ठ प्रदर्शन कर सकें। इस अवसर पर आनंद तिवारी, डी.एस.पी. ए.जे.के., पुरूषोत्तम बिश्नोई, रक्षित निरीक्षक, राजेश शाक्य, जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी, मनीष सोलंकी, हॉकी प्रशिक्षक उपस्थित रहें।

यदि दावेदारों की पृष्ठभूमि पर नजर डालें तो अन्नू शर्मा महाराज ( पठार) ये और इनका परिवार हमेशा से महाराज सिंधिया जी का समर्थक रहा है

# भाजपा जिला अध्यक्ष ने चर्चा के दौरान कहा संक्रांति बाद होगी घोषणा सभी दावेदार मेरे नजदीक

गोलू यादव


अन्नू शर्मा महाराज


रामू रघुवंशी


कृष्णा यादव


प्रदीप पाल

**संगठनात्मक नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू होते ही शहर से लेकर गांव तक गली से लेकर मोहल्ला तक चर्चाओं का बाजार गर्म है**

अशोकनगर। भाजपा संगठन ने जिला एवं मंडल अध्यक्ष के चुनाव के बाद युवा मोर्चा चुनाव की हलचल तेज हो गई और संगठन की रीड कहे जाने वाले युवामोर्चा जिला अध्यक्ष को लेकर सुगबुगाहट शुरू हो गई है। जल्द ही इसकी घोषणा की संभवतः मकर संक्रांति बाद होना था लेकिन संभवतः शीघ्र ही घोषणा होने की संभावना है।

युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष के लिए जिन नामों की चर्चा हो रही है। उनमें प्रमुख रूप से। अन्नू शर्मा (महाराज) पठार, कृष्ण यादव दुर्गा कॉलोनी एवं रामू रघुवंशी इन तीन नाम को लेकर युवाओं में और शहर में काफी चर्चा चल रही है और है तीन नाम तेजी से एवं मोर्चा जिलाध्यक्ष की दौड़ लिस्ट में चल रहे हैं। शहर में चर्चा है कि यह चेहरे किसी न किसी बड़े नेता के करीब भी माने जाते हैं। लेकिन इनमें अधिकतर ऐसे नाम है। जिन्हें संगठन का पुराना एवं समर्पित एवं जमीन से जुड़ा कार्यकर्ता कहा जा सकता है। यही कारण है कि कार्यकर्ताओं के एक वर्ग में अंदरूनी असंतोष भी देखने को मिल रहा है। पार्टी के भीतर है अभी चर्चा है कि इन दावेदारों में से कोई भी केंद्रीय नेतृत्व या सिंधिया समर्थक खेमे का सीधा प्रतिनिधि नहीं माना जा रहा है सभी दावेदारों के अपने-अपने स्थानीय नेताहैं जिनके सहारे वे संगठन में आगे बढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं।

यदि दावेदारों की पृष्ठभूमि पर नजर डालें तो अन्नू शर्मा महाराज ( पठार) ये और इनका परिवार हमेशा से महाराज सिंधिया जी का समर्थक रहा है और माना जाता है कि अनु महाराज एक ऐसे युवा नेता है। जो पहले भी वार्ड में प्रतिनिधि के तौर पर चुने गए हैं। एवं वार्ड में जिले में इसके साथ ही युवाओं को लेकर बड़ी पकड़ रखते हैं हर समाज के युवाओं से एक बेहतरीन पकड़ और युवाओं से ज्यादा जुड़ाव माना जाता है इनका रूबरू अंदाज युवाओं की पहली पसंद है सूत्रों के मुताबिक हलचलों में जो चर्चा है जो चर्चा का विषय है तो युवाओं की पहली पसंद अन्नू शर्मा महाराज को बताया जा रहा है। सबसे पहले अन्नू शर्मा महाराज का नाम चर्चाओं में आया था, इसके साथ ही रामू रघुवंशी पूर्व विधायक अशोकनगर के करीबी है इसी के आधार पर उनका नाम आगे बढ़ रहा है। कृष्ण यादव को जिला पंचायत अध्यक्ष और मुंगावली विधायक के पुत्र अर्जुन सिंह का करीबी बताया जाता है भाई प्रदीप पाल अशोक नगर पूर्व विधायक के करीबी माने जाते हैं और इसी आधार पर उनका नाम भी दौड़ में शामिल है। इन सब नाम को लेकर सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है क्या भाजपा युवा मोर्चा जैसे संगठन को आगे बढ़ाने के लिए किसी नए, अनुभवी और संगठन से जुड़े चेहरे को मौका नहीं दे सकती, कार्यकर्ताओं का कहना है। कि युवा मोर्चा पार्टी की रीढ़ की हड्डी माना जाता है।

जहां से भविष्य के नेता निकलते हैं।ऐसे में यदि राजनीतिक नजदीकियों और जातिगत समीकरणों के आधार पर नियुक्ति की जाएगी तो इसका सीधा असर संगठन की मजबूती पर पड़ेगा पिछड़े वर्ग से जुड़े कई कार्यकर्ताओं का आरोप है। भाजपा लगातार यादव और रघुवंशी समाज को ही प्राथमिकता दे रही है। जबकि अन्य पिछडे वर्गो को नजर अंदाज किया जा रहा है। इससे पार्टी के भीतर संतुलन की स्थिति बन रही है कुछ के करता हूं ना तो यह भी कहना शुरू कर दिया है यदि यही स्थिति बनी रही तो जमीनी कार्यकर्ता खुद को हाशिए पर महसूस करेंगे। कुल मिलाकर युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष पद को लेकर चल रही है चर्चा केवल नियुक्ति को लेकर सीमित नहीं है बल्कि यह भाजपा की संगठनात्मक नीति बा सामाजिक संतुलन पर भी सवाल खड़े कर रही है अब देखना होगा कि पार्टी नेतृत्व किस नाम पर मोहर लगता है। क्या वह कार्यकर्ताओं की अपेक्षाओं पर खड़ा उतर पाता है कि नहीं।

# मनोज परमार की अपील पर मानवता जीती, भिक्षुकों ने भी खोला दिल

## SMA पीड़ित 3 वर्षीय अनिका के इलाज के लिए समाज ने पेश की एकजुटता की मिसाल

आदित्य शर्मा

स्पाइनल मस्कुलर एट्रॉफी (SMA) टाइप–2 जैसी अत्यंत गंभीर और दुर्लभ बीमारी से जूझ रही 3 वर्षीय मासूम अनिका शर्मा के इलाज के लिए समाज के हर वर्ग ने आगे आकर मानवता की मिसाल पेश की है। अखिल भारतीय श्री बलाई महासंघ द्वारा अनिका के उपचार हेतु 2 लाख 51 हजार रुपये की सहयोग राशि एकत्र कर परिवार को सौंपी गई, जो सामाजिक संवेदनशीलता और सेवा भाव का सशक्त उदाहरण है। जानकारी के अनुसार, अनिका शर्मा जन्म से ही SMA टाइप–2 बीमारी से पीड़ित है। यह बीमारी शरीर की मांसपेशियों को धीरे-धीरे कमजोर कर देती है और इसके इलाज में करोड़ों रुपये तक का खर्च आता है। अनिका का परिवार आर्थिक रूप से अत्यंत



कमजोर है, ऐसे में इतने महंगे इलाज की व्यवस्था करना उनके लिए लगभग असंभव हो गया था। परिवार की इस पीड़ा को देखते हुए अखिल भारतीय श्री बलाई महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं दलित समाज के प्रखर नेता मनोज परमार ने 14 जनवरी, मकर संक्रांति के पावन अवसर पर इंदौर में आयोजित एक सामाजिक कार्यक्रम के मंच से समाज से भावुक अपील की। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते अनिका को इलाज नहीं मिला तो उसका जीवन खतरे में पड़ सकता है। मनोज परमार की यह अपील समाज के दिलों तक तुरंत पहुंची। अन्नपूर्णा मंदिर क्षेत्र स्थित प्रसिद्ध रणजीत हनुमान मंदिर एवं साईं बाबा मंदिर परिसर में बैठने वाले भिक्षुकों, दैनिक श्रमिकों, मध्यमवर्गीय परिवारों और आर्थिक रूप से कमजोर लोगों ने भी बढ़-चढ़कर दान दिया। कई भिक्षुकों ने अपनी रोज़ की कमाई से मदद करते हुए भावुक शब्दों में कहा, "जब हम जैसे गरीब लोग अपनी रोज़ी-रोटी में से हिस्सा निकाल सकते हैं, तो संपन्न वर्ग को भी आगे आकर ऐसे मासूम की जान बचानी चाहिए।" इसी सामाजिक चेतना, करुणा और सेवा भाव के चलते 2.51 लाख रुपये की राशि एकत्र कर अनिका के इलाज के लिए सौंप दी गई। इस अवसर पर मनोज परमार ने कहा, "समाज तभी सशक्त बनता है जब वह अपने सबसे कमजोर सदस्य का हाथ थामता है। अनिका सिर्फ एक परिवार की बेटी नहीं, बल्कि पूरे समाज की बेटी है।"

उन्होंने समाज के सक्षम और संपन्न लोगों से आगे आने की अपील करते हुए कहा कि अनिका के इलाज में हर दिन कीमती है और समय पर सहयोग ही उसकी जिंदगी को सुरक्षित कर सकता है। यह पूरा घटनाक्रम समाज में मानवता, संवेदनशीलता, करुणा और सामूहिक जिम्मेदारी का जीवंत उदाहरण बनकर सामने आया है, जिसने यह साबित कर दिया कि जब समाज एकजुट होता है, तो असंभव को भी संभव बनाया जा सकता है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक गोपाल गावंडे द्वारा पंकज प्रिंटर्स एण्ड पैकेजिंग एल.यू.एन 22 सेक्टर एफ सांवेर रोड़, इण्डस्ट्रीयल एरिया इंदौर म.प्र. एवं जी -1 कॉस्मिक रीजेंसी 117 गोकुल नगर कनाडिया इंदौर म.प्र. से प्रकाशित
संपादक गोपाल गावंडे (पी.आर.बी.) एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार (सभी विवादो का न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा )